national terminal has been constructed and commissioned on 14-12-1991. The airfield is fit for operation of Airbus 300 type of aircraft.

(b) Air India already operates connecting flights from Ahmedabad to destinations abroad via Delhi and Bombay. However, at present there is no proposal to start direct international flights from/to Ahmedabad.

**देश में हवाई पट्टियों का विकास**

3641. **श्री मूल चन्द मीणा :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1992-93 के वर्ष के दौरान देश में विभिन्न हवाई पट्टियों के विकास के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है और इनमें से प्रत्येक हवाई पट्टी के लिए अलग-अलग कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है ; और

(ख) यदि कोई धनराशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है तो इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) :** (क) और (ख) देश में विभिन्न हवाई अड्डों का विकास किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह प्रक्षेपित आवश्यकताओं तथा संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर चरणबद्ध रूप से किया जाता है । 1992-93 के दौरान अंतर्देशीय हवाई अड्डों के विकास के लिए वार्षिक योजना में 133.64 करोड रुपए और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के विकास के लिए 117.97 करोड रुपए के परिव्यय की व्यवस्था की गई है ।

**राजस्थान के कतिपय स्थानों पर आये विदेशी पर्यटक**

3642. **श्री मूल चन्द मीणा :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री 28 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1892 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने विदेशी पर्यटक सवाई माधोपुर और "रणथम्भोर बाघ परियोजना" को देखने गए और उनसे कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ; और

(ख) क्या यह सच है कि रणथम्भोर बाघ परियोजना के प्रति पर्यटकों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है ; यदि हां तो केन्द्रीय सरकार द्वारा वहां पर्यटन के विकास के लिए क्या विशेष सहायता प्रदान की जा रही है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) :** (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान, सवाई माधोपुर में आए विदेशी पर्यटकों की संख्या इस प्रकार है :—

| वर्ष | विदेशी पर्यटकों की संख्या |
|---|---|
| 1989 . . . | 3607 |
| 1990 . . . | 5059 |
| 1991 . . . | 10274 |

पर्यटन से प्राप्त विदेशी मुद्रा आंक के अनुपालन के आंकडे-वार नहीं रखे जाते हैं।

(ख) पिछले दो वर्ष के दौरान सवाई माधोपुर में एक पर्यटक परिसर और रणथम्भोर दुर्ग में शौचालय ब्लाक के निर्माण के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई ।

**Operation of Pawan Hans Helicopters**

3643. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) the number of Pawan Hans Helicopters which are operational at present;